Less Page 34

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 16-3-1978

में

विचारणीय विषयों की सूची

विषय संख्या	विषय		पृष्ठ संख्या
1 -	विकास प्राधिकरण की बैठकों दिनांक 30-11-77 तथा 12-12-77 के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण ।	-	1
2 -	विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 10-10-77, 30-11-77 एवं 12-12-77 में लिये गये निर्णय के अनुसार कार्यान्वयन सम्बन्धी प्रगति आख्या ।	-	2
3 -	महानगर गृह योजनान्तर्गत करामत मार्केट के सामने की दुकानों में से एक दुकान के आवण्टन हेतु प्रीमियम से मुक्त करने के सम्बन्ध में ।	-	10
4 -	मास्टर प्लान के प्लानिंग डिस्ट्रिक्ट "डी" जोन नं0 8 व 9 का ड्राफ्ट जोनल प्लान प्राधिकरण के अभियन्त्रण विभाग द्वारा किये गये सर्वेक्षण के आधार पर अनुमोदन ।	-	11
5 -	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के आवास हेतु कार्यालय प्रांगण में स्थल में प्रस्तावित डिज़ायन में रेयर सेट बैक की स्वीकृति ।	-	12
6 -	मुख्य अभियन्ता के कार्यालय की स्थापना हेतु स्टाफ की स्वीकृति ।	-	13
7 -	कामधेनु नगर को चालू रखने के लिये 313·43 लाख रुपये की इकोनामिक्स की स्वीकृति ।	-	14
8 -	नियोजन विभाग लक्ष्य की बैठक (त्रैमासिक योजना प्रगति) दिनांक 11-10-77 पर विचार ।	-	18
9 -	पुनरीक्षित बजट 1977-78	-	22
10-	नियोजन विभाग तथा विधि विभाग के लिये स्टाफ की स्वीकृति के सम्बन्ध में ।	-	23
11-	सरोजनी नगर क्षेत्र में कानपुर रोड पर 100 शैया वाले ई0एस0आई0 अस्पताल के निर्माण के लिये तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन आलमबाग व्यवसायिक प्रतिष्ठान के लिये सड़क के मध्य से 125 फुट की दूरी के अन्तर्गत निर्माण किये जाने की छूट देने के सम्बन्ध में ।	-	25
12-	विभागीय निर्माण इकाई के गठन के सम्बन्ध में गठित उप समिति की अनुशंसा पर विचार ।	-	26
13-	लेखा विभाग के पुनर्गठन के सम्बन्ध में ।	-	27
14-	लखनऊ विकास प्राधिकरण के वाहनों के रखरखाव के लिये वर्कशाप की स्थापना के सम्बन्ध में ।	-	42
15-	लखनऊ शहर के प्रमुख मार्गों पर स्थित भवनों के अग्रभागों की रंगाई एवं मरम्मत विषयक आख्या	-	44
16-	पेपर मिल योजना के अन्तर्गत अल्प आय वर्गीय 20 दो कमरे के भवनों का निर्माण कार्य ।	-	46
17-	नव नियुक्त सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ताओं को वाहन भत्ता दिये जाने के सम्बन्ध में ।	-	47
18-	अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय ।		

- 0 - 0 -

विषय संख्या -1

विकास

प्राधिकरण

की

बैठकों

दिनांक

30-11-77

तथा

12-12-77

के

कार्यवृत्त

का

पुष्टीकरण ।

- 0 - 0 -

लखानऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 10-10-77 में लिये गये निर्णयों की कार्यान्वयन प्रगति आख्या

विषय सं0 -1 : मीटिंग की नोटिस तथा एजेण्डा पर 15 दिन पूर्व टिप्पणी भेजने सम्बन्धी निर्देशानुसार ही भविष्य में कार्यवाही की जायगी ।

1-ए-2: विचार-विमर्श हेतु अत्यधिक सामग्री होने के कारण 6 सप्ताह में बैठक बुलाने के निर्देश पर पिछली बैठक से ही अमल में लाया जा रहा है ।

1-ए-3: एजेण्डा पर टिप्पणियाँ अधिक सुस्पष्ट तथा सभी दृष्टिकोण से पूर्ण रखने हेतु निर्देशानुसार ग़ाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण से कार्यसूची तथा कार्यवाही की प्रतियाँ मँगा ली गई हैं ।

1-ए-4: लखानऊ विकास प्राधिकरण में विधि अधिकारी की नियुक्ति हेतु ज़िला जज़, लखानऊ को अधिवक्ताओं का एक पैनल भेजने हेतु पत्र भेजा गया है, जिसका उत्तर उपलब्ध नहीं हुआ है । ब्यक्तिशः सम्पर्क स्थापित करके कार्यवाही की जा रही है ।

विषय सं0 -2 : कार्यान्वयन प्रगति टिप्पणी तदनुसार ही प्रस्तुत की जा रही है । यदि कोई कमी हो तो प्राधिकरण के निर्देश अपेक्षित हैं ।

2-2 : आवास सचिव के अवकाश पर होने से गत बैठक दिनांक 12-12-77 के कार्यवृत्त का अनुमोदन विलम्ब से होने के कारण पुनरीक्षित बजट वर्ष 1977-78 प्रस्तुत नहीं हो सका । पुनरीक्षित बजट वर्ष 1977-78 इस बैठक में प्रस्तुत किया जा रहा है ।

2-3 : लखानऊ मास्टरप्लान की वैधता के विषय में निर्देशानुसार निदेशक, स्थानीय निकाय की राय विभाग के पत्रांक 682/एस0टी0पी0/एल0डी0ए0 दिनांक 26-12-77 द्वारा माँगी जा चुकी है । प्राप्त होने पर आगामी बैठक में प्रस्तुत की जायगी ।

विषय सं0 -3 : इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जानी है ।

विषय सं0 -4 : भूखण्ड/भवन अथवा प्राधिकरण की चल/अचल सम्पत्तियों के निस्तारण निर्धारित अवधि में नीलामी की उच्चतम बोली बोलने वाले को पूर्ण धन जमा करने के लिये दिये गये समय दो माह में धन जमा कराये जाने की कार्यवाही तदनुसार की जा रही है ।

क्रमशः - - -2

4-2 : उपरोक्त अधिकतम अवधि में यदि उच्चतम बोली का तीन-चौथाई धन न जमा किया गया या पत्र पाने की अवधि के अन्दर रजिस्ट्री आवण्टी द्वारा नहीं कराई गई तो निर्णयानुसार ही कार्यवाही की जायगी ।

विषय सं0 5-1: भूखण्डों के हस्तान्तरण पर प्राधिकरण द्वारा शुल्क लिये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत टिप्पणी प्राधिकरण की बैठक दिनांक 30-11-77 में प्रस्तुत की गई थी जिस पर निर्णय लिया जा चुका है और तदनुसार कार्यवाही की जा रही है ।

विषय सं0 6-1 : निराला शिक्षा सेवा संस्थान से यह जानकारी प्राप्त की गई थी कि वे अपने को किस प्रकार से दातव्य संस्था होने का दावा करते हैं तथा निर्णयानुसार उनके प्राप्तियाँ एवं देयकों की भी जानकारी प्राप्त की गई । उत्तर प्राप्त हो गया है । अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।

विषय सं0 7-1 : निर्णयानुसार कार्यवाही पूर्ण कर दी गई ।

7-2 : लिये गये निर्णय के अनुसार कार्यवाही की जा रही है ।

7-3 : नोट किया गया । भविष्य में तथानुगत कार्यवाही की जायगी ।

विषय सं0 8-1: नगर महापालिका अथवा विकास प्राधिकरण द्वारा आवण्टित भूखण्डों की रजिस्ट्री से पूर्व आवण्टी के नाम परिवर्तन के सम्बन्ध में निर्णयानुसार ही कार्यवाही की जा रही है ।

विषय सं0 9-1: प्राधिकरण के निर्णयानुसार अधिकारियों/कर्मचारियों को भूमि/भवन क्रय अथवा निर्माण अथवा वाहन क्रय हेतु प्राधिकरण की निधि से अग्रिम धन की स्वीकृति के सम्बन्ध में निर्णयानुसार बजट-प्राविधान के अनुसार धन का वितरण कर दिया गया है ।

विषय सं0 10-1: लालबाग गर्ल्स कालेज के प्रांगण में बी0एल0 वर्मा रोड पर स्थित 16,000 वर्गफिट भूमि को कालेज के उपयोग की परिधि से निकाल कर दुकान/कार्यालय हेतु भू-उपयोग परिवर्तन की प्रार्थना पर हुये निर्णय की सूचना इस विभाग के पत्र सं0 639/एस0टी0पी0/एल0 डी0ए0 दिनांक 17-11-77 द्वारा श्री ए0सी0 दास, सदस्य, विधान परिषद, उत्तर प्रदेश शासन को भेज दी गई है ।

विषय सं0 11-1: बनारसीबाग के पास सिविल अस्पताल के पीछे भूखण्ड पर 400 शैया युक्त चिकित्सालय बनाने हेतु हुये निर्णयानुसार निदेशक, स्वास्थ्य विभाग को प्लान इत्यादि प्रस्तुत करने के लिये इस कार्यालय के पत्र संख्या 638/एस0टी0पी0/एल0डी0ए0 दिनांक

क्रमशः- -3-

17-11-77 द्वारा सूचित किया जा चुका है । प्लान एवं सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त होने पर ही अग्रिम कार्यवाही सम्भव है ।

विषय संख्या 12.1: अल्प आय वर्ग हेतु पाण्डेय का तालाब योजना में 60 दो कमरे वाले भवनों को दिनांक 20-4-77 को आमन्त्रित निविदाओं के सम्बन्ध में लिये गये निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है ।

विषय सं0 13-1 : तदनुसार कार्यवाही की गई ।

विषय सं0 14-1 : वशीरतगंज सामान्य एवं गृह योजना के अन्तर्गत ऐशबाग रोड में कुछ कारखानों आदि से उनके द्वारा अधिगृहीत भूमि लेकर ऐशबाग रोड पर अन्य भूमि दिये जाने के सम्बन्ध में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात् निर्णय हेतु कार्यवाही विचाराधीन है ।

विषय सं0 15-1: पेपर मिल योजना के अन्तर्गत मध्यम आय वर्गीय भवन बनाकर जनता को लीज होल्ड आधार पर उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है ।

विषय सं0 16-1: रंगरोगन का कार्य निर्णयानुसार स्थगित कर दिया गया है । ठेकेदारों के बकाया भुगतान हेतु 1.68 लाख की धनराशि का भुगतान उपाध्यक्ष के आदेश दिनांक 5-11-77 द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण के सूचनार्थ आख्या दिनांक 30-11-77 तथा 12-12-77 में प्रस्तुत की गई थी, लेकिन समयाभाव के कारण विचार नहीं हो सका । शासन को इस सम्बन्ध में पत्र भेजा जा रहा है एवं लालबाग क्षेत्र की रिकवरी ( ) के लिये जिलाधिकारी लखनऊ को लिखा जा चुका है तथा दिनांक 11-1-78 को उसका अनुस्मारक भी भेजा जा चुका है ।

विषय सं0 17 : नज़ूल योजना के पुराने विस्थापितों की भाँति अन्य पुराने विस्थापितों को बिना प्रीमियम लिये दुकान आवण्टित करने के सम्बन्ध में निर्देशानुसार विस्तृत आख्या प्रस्तुत की जा रही है ।

विषय सं0 18: प्लानिंग विंग में आर्कीटेक्ट-कम-प्लानर पद पर कार्य कर रहे वरिष्ठ नगर नियोजक के पद-नाम "वरिष्ठ-नियोजक" रखे जाने के सम्बन्ध में सुस्पष्ट आख्या प्रस्तुत की जा रही है ।

क्रमशः - - -4.

विषय सं0 -19 : अलीगंज मार्ग एवं नगर प्रसार योजना के अन्तर्गत भवनों की किश्तों की वसूली के सम्बन्ध में प्राधिकरण के निर्देशानुसार सूचना एकत्र करके अलग से प्रस्तुत की जा रही है ।

विषय सं0 -20 : प्राधिकरण के निर्णयानुसार ~~अग्रिम~~ विधिक राय प्राप्त कर ली गई है और तदनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।

विषय सं0 -21: कृत कार्यवाही से प्राधिकरण को अवगत करा दिया गया था अब इस पर कोई कार्यवाही नही होनी है ।

विषय सं -22 : विस्तृत आख्या हेतु सूचना अन्य विकास प्राधिकरणों से एकत्रित की जा रही है ।

विषय सं0 -23 : नेहरु नगर, अम्बेदकर नगर तथा इन्दिरापुरी आदि बस्तियों को 600 वर्गफुट क्षेत्रफल पर मानचित्र की स्वीकृति के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय के अनुसार क्षेत्र का फिजिकल सर्वे किया जा रहा है । अब तक हुई प्रगति से अवगत कराते हुये आख्या प्राधिकरण के विचारार्थ अलग से प्रस्तुत की जा रही है ।

विषय सं0 -25 : अलीगंज योजना में पत्रकारों को आवण्टित भूखण्डों की रजिस्ट्री किये जाने के सम्बन्ध में तदनुसार कार्यवाही की जा रही है ।

विषय सं0 -26 : अलीगंज के भू-स्वामियों को एक्स-ग्रेशिया भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में लिये गये निर्णयानुसार अनुदान हेतु शासन को पत्र संख्या 70एक्स-11-41-1942/आवास दिनांक 13-12-77 तथा उसका अनुस्मारक भी भेजा जा चुका है ।

विषय सं0 -27: मोहल्ला लालकुआँ स्थित दाता रसूल खाँ क्षेत्र जिसमें लगभग 3 बीघा 12 बिस्वा भूमि सम्मिलित है, के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है ।

विषय सं0 -28: मोहल्ला गणेशगंज लखनऊ स्थित अहाता मातादीन क्षेत्र आवासीय योजना को निर्मित करने के सम्बन्ध में निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है ।

विषय सं0 -29 : लखनऊ विकास प्राधिकरण में मुख्य ग्राम एवं नगर नियोजक द्वारा प्रस्तावित शमन शुल्क के निर्देश लागू किये जाने के सम्बन्ध में अध्ययन करके प्रस्तावित शमन शुल्को को अन्तिम रुप नहीं दिया जा सका है, जो निकट भविष्य में पूरा करके उप समिति की अनुशंसायुक्त आख्या विकास प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की जायगी ।

क्रमशः - - 5

विषय सं0 -30 : 100 शैयाओं का ई0एस0आई0 अस्पताल लखनऊ-कानपुर रोड पर बनाने हेतु निर्णयानुसार प्रस्तुत भवनचित्र की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है ।

विषय सं0 -31 : के0पी0 ट्रस्ट इलाहाबाद, लाटूश रोड पर दुकान के प्रस्तावित निर्माण के सम्बन्ध में हुये निर्णयानुसार शासन से भू-उपयोग परिवर्तन प्रदान करने हेतु इस विभाग के पत्रांक 3275/एच0ओ0पी0/जी0सी0 दिनांक 5-12-77 शासन को भेजा जा चुका है तथा शासन के निर्देश अपेक्षित हैं ।

विषय सं0 -32 : आर0टी0ओ0 आफिस प्रांगण में प्राधिकरण द्वारा व्यवसायिक केन्द्र बनाये जाने हेतु भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में निर्णयानुसार शासन को पत्रांक 650/एस0टी0पी0/एल0डी0ए0 दिनांक 23-11-77 भेजा जा चुका है तथा शासन द्वारा अपेक्षित सूचना भी उपलब्ध करा दी गई है । शासन द्वारा कार्यवाही की जा रही है ।

ह0/- बाबू राम
सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण
4-2-78

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 30-11-77 में लिये गये निर्णयानुसार कार्यान्वयन की प्रगति आख्या

विशेष प्रस्ताव सं0 -1: विकास प्राधिकरण की मीटिंग हेतु निर्धारित कोरम नोट किया गया तथा भविष्य में तदनुसार कार्यवाही की जायगी ।

विशेष प्रस्ताव सं0 -2: मीटिंग के एजेण्डा तथा उस पर टिप्पणियाँ पर्याप्त समय पूर्व भेजने हेतु प्राधिकरण का निर्देश नोट किया गया तथा तदनुसार ही कार्यवाही की जा रही है ।

विषय संख्या -1: प्राधिकरण के निर्देशानुसार पूर्व मीटिंग दिनांक 10-10-77 तथा 30-11-77 में लिये गये निर्णयानुसार कार्यान्वयन प्रगति आख्या प्रस्तुत की जा रही है । जहाँ तक पूर्व बैठक दिनांक 10-10-77 की मद संख्या 26 में लिये गये एक्स-ग्रेशिया के भुगतान हेतु निर्णय का प्रश्न है, अनुदान हेतु शासन को पत्र संख्या 70 एक्स-11-41-1942/आवास दिनांक 13-12-77 भेज दिया गया है तथा व्यक्तिशः प्रयास भी किया जा रहा है ।

विषय संख्या -2 : लखनऊ विकास प्राधिकरण के पुराने शासकीय ऋणों की रि-शेड्यूलिंग के सम्बन्ध में निर्देशानुसार सूचना एकत्र करके दिनांक 12-12-77 की बैठक में प्रस्तुत किया गया था, जिसमें कुछ और सूचनाये एकत्र करने का निर्देश दिया गया है, जिन्हे एकत्र करके प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जायगा ।

विषय संख्या -3 : विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों पर वेतन आयोग 1972-73 द्वारा निर्धारित वेतनमान लागू होने के उपरान्त अधिष्ठान और वेतन-भत्ते के मद का 22 प्रतिशत अनुदान हेतु अनुवर्ती सहायता बन्द होने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशानुसार शासन को पत्र भेज दिया गया है तथा व्यक्तिशः प्रयास भी किया जा रहा है पत्रोत्तर प्राप्त होने पर शीघ्र कार्यवाही की जायगी ।

विषय संख्या -4 : प्राधिकरण में कार्यरत कर्मचारियों की भविष्य निधि का बैंक में सेविंग खाते खोले जाने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों को नोट किया गया तथा अनुपालन आख्या निर्देशानुसार जून, 1078 की बैठक में प्रस्तुत की जायगी ।

क्रमशः - - -2-

विषय संख्या -5 :टू वे रोड, अशोक मार्ग पर 5। एकड़ क्षेत्र के शासन द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन का अनुमोदन के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही की जा रही है ।

विषय सं0 - 6 : आवण्टित भूखण्ड के लीज होल्ड अधिकार हस्तान्तरण करने के लिये 40 प्रतिशत तथा नीलाम द्वारा दिये गये भूखण्डों के लीज होल्ड अधिकार 15 प्रतिशत हस्तान्तरण शुल्क लेकर हस्तान्तरित करने की अनुमति के सम्बन्ध में निर्देशानुसार कार्यवाही की जा रही है ।

विषय सं0 - 7 : अलीगंज मार्ग एवं नगर प्रसार योजना में गृह निर्माण समितियों को अधिगृहीत भूमि के बदले भूमि आवण्टन करने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशानुसार अपेक्षित सूचनायुक्त आख्या दिनांक 12-12-77 की बैठक में प्रस्तुत की गई थी जिसमें लिये गये निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है ।

विशेष प्रस्ताव सं0 3:प्राधिकरण के द्वारा निर्दिष्ट विषय प्राधिकरण की बैठक दिनांक 12-12-77 को प्रस्तुत किये गये थे जिसमें कुछ विषयों पर विचार हो गया है । शेष पुन: प्रस्तुत किये जा रहे हैं ।

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

लखानऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 12-12-77, में लिये गये निर्णयानुसार कार्यान्वयन प्रगति आख्या

0 - 0 - 0 -

विशेष प्रस्ताव संख्या :- निर्णयानुसार प्राधिकरण की बैठक दिनांक 30-11-77 तथा 12-12-77 के कार्यवृत्त को पुष्टिकरण हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है ।

विशेष प्रस्ताव संख्या -2 विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 10-10-77, 30-11-77 एवं 12-12-77 में लिये गये निर्णय के अनुसार कार्यान्वयन प्रगति आख्या प्रस्तुत की जा रही है ।

विषय संख्या-1: लखानऊ विकास प्राधिकरण के स्थापना से पहिले के ऋणों की वास्तविक स्थिति और वसूली की प्रगति के सम्बन्ध में प्राधिकरण द्वारा कुछ अन्य सूचनाये वाँछित है । चूँकि मीटिंग के कार्यवृत्त का अनुमोदन विलम्ब से हो सका अतएव सूचना प्रस्तुत नही की जा रही है । सूचना एकत्र की जा रही है और अगली बैठक में प्रस्तुत की जायेगी ।

विषय सं0 -2: अलीगंज मार्ग एवं नगर प्रसार योजना में गृहनिर्माण समितियों की भूमि को अर्जन से मुक्त करने तथा वैकल्पिक भूमि दिये जाने के सम्बन्ध में लिये गये निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है ।

विषय सं0 -3: विभागीय निर्माण इकाई के गठन के सम्बन्ध में गठित उप समिति की अनुशंसा विचार हेतु बैठक में प्रस्तुत की जा रही है ।

विषय सं0 -4: इस विषय पर विस्तृत आख्या पुन: प्रस्तुत की जा रही है ।

सचिव
लखानऊ विकास प्राधिकरण ।

विषय सं0 -3

लखनऊ विकास प्राधिकरण के विचारार्थ आख्या

विभाग : सचिव कार्यालय ।

विषय : महानगर गृह योजनान्तर्गत करामत मार्केट के सामने की दुकानों में से एक दुकान के आवण्टन हेतु प्रीमियम से मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में ।

सारांश : दीपावली चक्रवर्ती निवासी ईस्ट बंगाल रिफ्यूजी कालोनी खान्ना मिल डालीगंज, लखनऊ ने प्रार्थना की है कि प्रार्थिनी एक असमर्थ युवा लड़की है जो बचपन से ही अनाथ है, जिसका एक फेफड़ा उसके आठ वर्ष की आयु में ही निकाल दिया गया था, जिसके कारण वह अपंग व असमर्थ हो गई एवं जीवन-यापन के लिये उपरोक्त व्यवसायिक केन्द्र में एक दुकान का आवण्टन चाहती है । जिसमें दुकान चलाकर वह अपना जीवन-यापन करेगी ।

उपरोक्त व्यवसायिक केन्द्र में एक दुकान अभी भी खाली है जिसके कारण किराये का नुकसान हो रहा है । अत: उक्त प्रार्थना पर विचार किया जा सकता है ।

ह0/- बाबू राम
सचिव

उपाध्यक्ष के आदेश :

विकास प्राधिकरण की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय ।

ह0/- उपाध्यक्ष ।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के विचारार्थ आख्या

विभाग : प्लानिंग विभाग ।

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा पहले से स्वीकृत मास्टर प्लान के प्लानिंग डिस्ट्रिक्ट "डी" ज़ोन नं0 8 तथा 9 का ड्राफ्ट ज़ोनल प्लान प्राधिकरण के अभियन्त्रण विभाग द्वारा किये गये सर्वेक्षण के आधार पर {ड्राफ्ट ज़ोनल प्लान के लिये अध्याय 3{9} यू0पी0 अरबन डेवलपमेण्ट ऐक्ट के आधार पर} बनाकर प्लान की संक्षिप्त रूपरेखा तथा प्रस्तावों को समझाते हुये एक आख्या अनुमोदन एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है । प्राधिकरण की स्वीकृति के पश्चात् उक्त प्लान जनता की जानकारी एवं विचारार्थ प्रकाशित किया जायेगा, और इसकी प्रतियाँ उपलब्ध की जायेंगी । जिससे सभी व्यक्ति इसे जाँच सके एवं अपने विचार व्यक्त कर सके ।

ह0/-
सहायक नगर नियोजक
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ ।

ह0/- बाबू राम
सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ ।

ह0/- के0पी0 सिंह,
21-11-77
वरिष्ठ नगर नियोजक,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ ।

प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय ।

ह0/- एन0बी0 लाल
23-11-77
उपाध्यक्ष
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ ।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के विचारार्थ आख्या

विभाग: प्लानिंग विभाग ।

विषय-वस्तु :पत्रावली पर संलग्न चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो के आवास के हेतु जो डिज़ायन कार्यालय प्रांगण में जिस स्थल पर प्रस्तावित की गई है वहाँ का रेयर सेट बैक 35 फिट से कम आ रहा है । स्थान की कमी के होने के कारण इस भूमि पर इस डिज़ायन से अतिरिक्त दूसरा कोई भी इकनोमिकल डिज़ायन का समावेश करना सम्भव न हो सकेगा पायेगा । फलस्वरूप रेयर सेट-बैक 35 फिट से कम आ रहा है । अत: प्राधिकरण द्वारा इस सेट-बैक की छूट लेना अनिवार्य है ताकि यह डिज़ायन स्थल निर्मित कराई जा सके ।

ह0/-
सहायक वास्तुविद्
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ ।

ह0/- बाबू राम
सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ ।

ह0/- के0 पी0 सिंह
वरिष्ठ नगर नियोजक
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ ।
21-11-77

प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय ।

ह0/-
उपाध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ ।

विषय सं0 -6

लखानऊ विकास प्राधिकरण के विचारार्थ आख्या

विषय-वस्तु : मुख्य अभियन्ता के कार्यालय की स्थापना हेतु स्टाफ ।

लखानऊ विकास प्राधिकरण में मुख्य अभियन्ता के अधीन निम्नलिखित विभाग है :-

1-आवास खण्ड -1
2- आवास खण्ड-2
3- विकास खण्ड-3
4- विकास खण्ड-4
5- अर्जन विभाग ।

इन विभागों की कार्य प्रणली पर समुचित नियन्त्रण हेतु यह आवश्यक है कि मुख्य अभियन्ता के एक नियोजित कार्यालय की स्थापना की जावे । अभी तक मुख्य अभियन्ता का कोई भी कार्यालय विकास प्राधिकरण में नहीं गठित हुआ है । वर्क-वार्ज स्टाफ से ही कार्य कराया जा रहा है, जो कि अपर्याप्तजनक है । अन्य विकास प्राधिकरण में मुख्य अभियन्ता के कार्यालय का गठन स्टाफिंग पैटर्न की रिपोर्ट के आधार पर किया गया है परन्तु लखानऊ विकास प्राधिकरण में मुख्य अभियन्ता कार्यालय का गठन न होने के कारण दैनिक कृत्यों के निष्पादन में कठिनाई होती है । स्टाफिंग-पैटर्न में मुख्य अभियन्ता कार्यालय हेतु निम्नलिखित पदों के सृजन की प्रस्तावना की गई है :-

क्रम सं0	पदों का नाम	संख्या	वेतनक्रम
1-	मुख्य अभियन्ता	एक	1400-1800
2-	टेक्निकल सहायक (मु0अ0)	एक	550-1200
3-	कार्यालय अधीक्षक	एक	400-550
4-	लिपिक प्रथम श्रेणी	एक	250-425
5-	लिपिक द्वितीय श्रेणी	दो	200-320
6-	पी0ए0	एक	300-500
7-	ड्राइवर	एक	175-250
8-	चपरासी	एक	185-215

उपरोक्त तालिका में अंकित पदों में से फिलहाल अभियन्त्रण विभाग के दैनिक कार्यों में नियुक्ति हेतु मुख्य अभियन्ता के कार्यालय के गठन हेतु निम्नलिखित पदों के सृजन की अनुशंसा की जाती है :-

क्रम सं0	पदों का नाम	संख्या	वेतनक्रम	अनुमानित वार्षिक व्यय
1-	अधीक्षक कार्यालय	एक	400-550	7008/-
2-	पी0ए0	एक	300-500	5554/-
3-	लिपिक प्रथम श्रेणी	एक	250-425	4656/-
4-	लिपिक द्वितीय श्रेणी	एक	200-320	7740/-

क्रमशः - - -2.

उक्त पदों को फिलहाल एक वर्ष के लिये सृजित करने की प्रस्तावना की जाती है । एक वर्ष में इन पदों पर लगभग 24,958/- रुपये व्यय होगा । अन्य पदों की पूर्ति विकास प्राधिकरण में उपलब्ध अधिकारियों/कर्मचारियों से कर ली जायेगी ।

ह0/- एस0एन0पी0अग्रवाल,
मुख्य अभियन्ता

उपाध्यक्ष,

कृपया इस विषय को आगामी लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक में रखने की अनुमति प्रदान करें ।

ह0/- एस0एन0पी0अग्रवाल
मुख्य अभियन्ता

ह0/-एन0बी0 लाल
उपाध्यक्ष
24-11-77

विषय संख्या - 9

पुनरीक्षित बजट 1977-78

"विवरण अलग से प्रस्तुत है"

विकास प्राधिकरण के विचारार्थ आख्या

लखनऊ विकास प्राधिकरण में विधि अनुभाग एवं विक्रय अनुभाग की स्थापना की जा चुकी है । प्रथम अनुभाग हेतु विधि अधिकारी का पद सृजित किया जा चुका है परन्तु अभी नियुक्ति न करके कार्य उप नगर अधिकारी से लिया जा रहा है । इसी प्रकार विक्रय विभाग एक सहायक नगर अधिकारी के अधीनस्थ खोला गया है परन्तु दोनों ही विभागों में स्टाफ नहीं है और अन्य विभागों से एक दो कर्मचारी इनके साथ लगा दिये गये हैं । परन्तु इससे कार्य चलना सम्भव नहीं है । अत: न्यूनतम आधार पर कार्य संचालन हेतु स्टाफ की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है जो संलग्न है । निम्नवत् स्टाफ की आवश्यकता फिलहाल स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जा रही है :-

पद	वेतनमान	विधि विभाग	विक्रय विभाग	योग
प्रधान लिपिक	280-460	एक	एक	दो
प्रथम श्रेणी लिपिक	230-350	दो	पाँच	सात
द्वितीय श्रेणी लिपिक	200-320	छ:	छ:	बारह
अनु0 लेखाकार	280-460	-	एक	एक
इन्स्पेक्टर	230-350	-	एक	एक
स्टेनो-कम-टाइपिस्ट	200-320	-	एक	एक
चपरासी	165-215	तीन	चार	सात
योग :		बारह	उन्नीस	इकतिस

उपरांकित स्टाफ को शासन में प्रचलित वेतन एवं अनुमन्य भत्तों पर उपाध्यक्ष द्वारा नियुक्ति किया जायेगा तथा वार्षिक व्यय भार रू0 1,30,920/- होगा । चालू वर्ष में केवल 2 माह हेतु रू0 21,820/- का व्यय होगा है ।

प्राधिकरण से अनुरोध है कि कृपया उपरांकित स्टाफ स्वीकृत करने की कृपा करें ।

ह0/-बाबू राम
सचिव

विधि विभाग एव विक्रय विभागों के लिये स्टाफ-विवरण

पदों का नाम	पद संख्या	वेतनमान	मासिक वित्तीय भार	वार्षिक वित्तीय भार	विभागानुसार आवश्यकता			
					विधि विभाग		प्रापर्टी विभाग	
प्रधान लिपिक	दो	280-460	920	11,040		एक		एक
प्रथम श्रेणी लिपिक	सात	230-350	2660	31,920		दो		पाँच
द्वितीय श्रेणी लिपिक	बारह	200-320	4080	48,960		छः		छः
अनुभागीय लेखाकार	एक	280-460	460	5,520		--		एक
स्टेनो-कम-टाईपिस्ट	एक	200-320	340	4,080		--		एक
इन्स्पेक्टर	एक	230-350	385	4,620				एक
चपरासी	सात	165-215	2065	24,780		तीन		चार
योग :-	इकतिस		10,910	1,30,920		बारह		उन्नीस

विषय सं0 -7

लखनऊ विकास प्राधिकरण के विचारार्थ आख्या

कुर्सी रोड पर वन विभाग के 1300(तेरह सौ) एकड़ भूमि पर एक कैटिल कालोनी स्थापित करने की प्रस्तावना है । यह योजना शासकीय स्तर पर हुई बैठक में लिये गये निर्णयानुसार वर्ष 1976 में प्रारम्भ की गई थी । इस योजना पर अब 1-62 लाख रुपया व्यय किया जा चुका है ।

कुर्सी रोड पर कामधेनु नगर की 313·43 लाख रुपये की योजना जिसकी इकोनामिक्स संलग्न है, विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 8-7-77 में स्वीकृत्यार्थ प्रस्तुत की गई थी । परन्तु इकोनामिक्स की स्वीकृति नहीं प्राप्त हो सकी । इसी सम्बन्ध में आयुक्त एवं सचिव, स्वायत्त शासन की अध्यक्षता में दिनांक 17-8-77 को एक बैठक हुई, जिसकी प्रतिलिपि संलग्न है तथा जिसमें यह निर्णय लिया गया कि कुर्सी रोड पर वन विभाग की भूमि पर कैटिल कालोनी का कार्य चालू रखा जाय । अतः शासन के निर्देशानुसार कुर्सी रोड कैटिल कालोनी का कार्य चालू रखने तथा साथ ही साथ रु0 313-43 लाख की इकोनामिक्स की स्वीकृति से सम्बन्धित विकास प्राधिकरण के समक्ष स्वीकृत्यार्थ प्रस्तुत है ।

ह0/- नगर अभियन्ता (विकास-2)

सचिव/उपाध्यक्ष,

उपरोक्त विषय को विकास प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें ।

ह0/- मुख्य अभियन्ता

ECONOMICS OF KAMDHENU NAGAR

Project Cost Rs.313.43

A. Cost of development	Per Hect.	Total in lacs
1. Cost of Land	40919	91.24
2. Site levelling etc.	1000	2.23
3. Roads & drains	30000	66.90
4. Water supply	15000	33.45
5. Electrification	10000	22.30
6. Storm water drain	15000	33.45
7. land sca/ama	2000	4.46
8. Administrative block etc	L.S.	5.00
		259.03
B. Supervisory and Administrative Charges 10%		25.90
C. Interest on investment on Dev. cost for half of the project period 10% for one year	L.S.	28.50
	Total cost	313.43

Hence cost of land per sq.M.
(Plot Area 70.36 Sq.m.) = 313.43 X 170.36 = Rs. 44.50 sq.m.

Investment	Receipt	Lacs
A. Rs. 313.43 lacs	1. Advance	
	2. Deposit	66.00
	2. Out right sale	60.43
	3. Instalment (257.96-66)	191.40
	4. Comm.plots out right sale	0.56
		318.39

Let surplus A minus B

313.43 - 318.39 = 4.96

नगर के बाहर कालोनी के निर्माण की प्रगति पर विचार करने हेतु आयुक्त एवं सचिव, स्वायत्त शासन विभाग की अध्यक्षता में एवं उनके कक्ष में दिनांक 17 अगस्त, 1977 को मध्यान्ह 12 बजे हुई बैठक की कार्यवाही का विवरण

- - - - - -

इस बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित थे :-

1- श्री आर0 बी0 सक्सेना, आयुक्त एवं सचिव, स्वायत्त शासन विभाग - अध्यक्ष ।
2- श्री राम चन्द्र टकसे, जिलाधिकारी, लखनऊ ।
3- श्री मोहर सिंह, उप सचिव, स्वायत्त शासन विभाग ।
4- श्री तिलकमान सिंह, दुग्ध विकास अधिकारी, लखनऊ ।
5- श्री नरेश दयाल, उप सचिव, पशुपालन ।

आयुक्त एवं सचिव, स्वायत्त शासन विभाग कैटिल कालोनी के सम्बन्ध में की गई प्रगति की जानकारी चाहते थे । परन्तु इस विषय पर विस्तृत रूप से प्रकाश नहीं डाला जा सकता, क्योंकि प्रशासक, नगर महापालिका लखनऊ इस बैठक में उपस्थित नहीं हो सके थे और न ही उनकी ओर से किसी प्रतिनिधि ने ही इस बैठक में भाग लिया । अब तक जो रिपोर्ट प्रशासन, नगर महापालिका, लखनऊ से प्राप्त हुई है उसके अनुसार कुर्सी-रोड पर वन विभाग से प्राप्त 450 एकड़ भूमि पर विकास प्राधिकरण द्वारा 1,62 लाख रुपया व्यय किया जा चुका है । आगे की कार्यवाही के विषय में आयुक्त एवं सचिव, स्वायत्त शासन ने निर्देश दिये कि कैटिल कालोनी के विकास का कार्य जारी रखा जाय ।

दुधारू पशुओं को कैटिल कालोनी में ले जाने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया । इस पर यह निर्णय लिया गया कि नगर महापालिका कैटिल कालोनी में ऐसी सुविधा डेरी मालिकों को दे जिससे कि वह नगर के बीच से दुधारू पशुओं को कैटिल कालोनी को ले जाये । साथ ही साथ नगर महापालिका दुधारू पशुओं को रखने वाले व्यक्तियों के लिये कुछ ऐसे नियम भी बनाये जिसे उनके मालिक इन्हे नगर में रखना बन्द करके कैटिल कालोनी में इन्हें ले जाने पर प्रेरित हो ।

जिलाधिकारी लखनऊ ने अपने उक्त प्रस्ताव को पुन: दोहराया कि नगर के अन्य क्षेत्रों में भी कैटिल कालोनी का निर्माण किया जाय ताकि वहाँ के नागरिकों को दूध मिलने में कोई कठिनाई न हो । इस सम्बन्ध में प्रशासक, नगर महापालिका उन स्थानों के विषय में अपनी आज्ञा दे जिस पर कैटिल कालोनी बनाया जाना प्रस्तावित हो और भूमि भी उपलब्ध हो सके ।

- 0 - 0 -

लखनऊ विकास प्राधिकरण के विचारार्थ आख्या

विषय :- नियोजन विभाग की बैठक (त्रैमासिक योजना प्रगति पर विचार हेतु) दिनांक 11-10-77 पर विचार ।

नियोजना विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वार्षिक योजना की त्रैमासिक प्रगति समीक्षा पर विचार-विमर्श हेतु एक बैठक 11-10-77 को सचिवालय में हुई थी जिसमें प्राधिकरण की ओर से मुख्य लेखाधिकारी ने भाग लिया था । बैठक की कार्यवाही के विकास प्राधिकरण से संबंधित अंश उद्धरण अंश संलग्न है ।

बैठक में प्राधिकरण को वर्ष 1976-77 में शासन से प्राप्त 2.50 करोड़ की आधारित पूँजी (ब्याज दर 9.5 प्रतिशत) पर विचार-विमर्श हुआ । आयुक्त एवं सचिव, नियोजन विभाग ने उपभोग की स्थिति जानना चाही है, जिसके उत्तर में उनको बताया गया कि उक्त ऋण-प्राविधान वर्ष 1977-78 में कर लिया गया है तथा पोस्ट आफिस कम्पलेक्स पर अब तक रु0 72.00 लाख व्यय किया गया है तथा कम्पलेक्स की आय से उसकी परिपूर्ति कर दी जायेगी परन्तु नियोजन सचिव ने इस बात पर आपत्ति व्यक्त की कि आधारित पूँजी से बिना शासन की स्वीकृति के कम्पलेक्स पर व्यय न किया जाना चाहिये था उन्होंने यह भी कहा कि इसकी परिपूर्ति शीघ्र ही कर दी जाये ।

इस सम्बन्ध में यह इंगित करना उचित प्रतीत होता है कि हजरतगंज काम्पलेक्स के सम्बन्ध में (रु0 95 लाख) का ऋण सेण्ट्रल बैंक से स्वीकृति कराया गया था जिसमें से (40 लाख) का ऋण प्राप्त भी हो चुका है । इस ऋण पर ब्याज की दर 15 प्रतिशत है परन्तु उपरोक्त आधारित ऋण पूँजी के प्राप्त हो जाने पर बैंक से 15 प्रतिशत ब्याज की दर पर लेना उचित नहीं समझा गया तथा सीडकैपिटल से धनराशि का भुगतान किया गया ~~अ~~ इससे दो लाभ प्राधिकरण को प्राप्त हुये ।

सर्व प्रथम यह कि उच्च ब्याज की दर से बचा गया तथा सीड-कैपिटल को एक ऐसी चालू योजना में व्यय करना प्रारम्भ कर दिया गया जिससे पूँजी उत्पादन शीघ्र हो होने की आशा है । इसी कारणवश मूल बजट में संस्थागत ऋणों के अन्तर्गत केवल एक लाख रुपये का ही प्राविधान किया गया है । शेष धनराशि ऋण-माँगपत्र की धनराशि से या पूँजी-माँगपत्र की धनराशि से व्यय की जायेगी ।

आयुक्त एवं सचिव नियोजन विभाग की आपत्ति का निराकरण केवल निम्नलिखित दो उपायों से हो सकता है ।

क)- हजरतगंज कम्पलेक्स पर सीड-कैपिटल से व्यय किये जाने की शासन से स्वीकृति प्राप्त कर ली जाय ।

या ख)- सीड-कैपिटल से जितनी धनराशि व्यय की गई है या व्यय की जा रही है, की परिपूर्ति डिबेन्चर्स की धनराशि से कर दी जाय एवं हजरतगंज कम्पलेक्स से आय प्राप्त होने पर डिबेन्चर्स की धनराशि की परिपूर्ति उससे कर दी जायगी ।

क्रमश : - - -

प्रश्नगत विषय उपाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, क्योंकि यह नीति विषयक मामला है अत: उपाध्यक्ष महोदय ने इस विषय को प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने के आदेश प्रदान किये हैं । अत: प्राधिकरण को आदेशार्थ प्रेषित है कि वह कृपया "क" अथवा "ख" को अनुमोदित करने का कष्ट करें ।

ह0/- सचिव

वर्ष 1976-77 की वार्षिक योजना तथा वर्ष 1977-78 की प्रथम त्रैमासिक योजना की प्रगति समीक्षा की बैठक की कार्यवाही दिनांक 11-10-77 का उद्धरण

उपस्थिति संलग्न है ।

आवास :- आवास सेक्टर के लिये 1976-77 में रु0 213·00 लाख का परिव्यय स्वीकृत था, जिसके समक्ष आय-व्यय का प्राविधान रु0 613-00 लाख किया गया । आय व्ययक में अधिक प्राविधान का विशेष कारण यह था कि इसमें रु0 400·00 लाख का प्राविधान आवास विकास परिषद तथा विकास प्राधिकरण के लिये सीड कैपिटल हेतु सम्मिलित कर लिया गया, जब कि उसके समक्ष कोई परिव्यय उपलब्ध नहीं था । विभाग द्वारा वर्ष 1976-77 का कुल व्यय रु0 650·00 लाख बताया गया । यद्यपि कुल मिलाकर व्यय बजट प्राविधान से अधिक हुआ तथापि निम्नलिखित दो योजनाओं में शार्ट-फाल हुआ :-

		परिव्यय	ब्याज	शार्टफाल
1-	सब्सीडाइज़ इण्डस्ट्रियल योजना	56·00	43·98	12·02
2-	लो इनकम ग्रुप योजना	31·50	30·00	1·50

विशेष सचिव नियोजन द्वारा शार्टफाल का कारण पूछने पर विभाग ने यह बताया कि पहले रायबरेली स्थित श्रमिक क्वार्टरों का निर्माण कार्य केन्द्रीय भवन अनुसन्धानशाला द्वारा किया जाना था परन्तु बाद में यह तय हुआ कि इनका निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निष्पादित किया जाय । इसके लिये सम्बन्धितविभागों के बीच पत्र व्यवहार में काफी समय लग गया । इसलिये पूरे परिव्यय का उपयोग नहीं हो सका इस सम्बन्ध में यह भी बताया गया कि इस योजना के अन्तर्गत 600 मकान बनाने का लक्ष्य था जिसके विरुद्ध केवल 45 मकान निर्मित हो सके तथा 142 का शार्टफाल हुआ ।

इस विषय पर नियोजन सचिव ने यह जिज्ञासा व्यक्त की कि इस योजना के अन्तर्गत सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा तथा आवास निदेशालय विकास परिषद् /विकास प्राधिकरण द्वारा अब तक कितने मकान बनाने थे और उनके समक्ष कितने मकान बन चुके हैं । इसकी वर्षवार सूचना दी जाय । उन्होंने यह भी जानना चाहा है कि जो भी आवास बन चुके हैं उनका उपयोग शतप्रतिशत हो रहा है अथवा नहीं ? संयुक्त सचिव आवास ने बताया कि यद्यपि तो उपयोग शतप्रतिशत है तथापि उसमें अनधिकृत रूप से कुछ मकानों पर कब्जा किया गया है जिसमें कुछ सुरक्षा विभाग के कर्मचारी भी शामिल हैं । नियोजन सचिव ने कहा है इसकी वास्तविक सूचना निम्नलिखित तालिका में उपलब्ध कराई जाय ।

क्रमशः :- - -

स्वीकृत आवासों की संख्या	निर्मित आवासों की संख्या	आवासों की संख्या जिनमें [illegible] व्यवित रहते हैं	आवासों की संख्या जिसमें अनधिकृत रूप से लोग रह रहे हैं।
1	2	3	4
वर्ष 1974-75 अब तक की स्थिति			

(कार्यवाही- आवास विभाग)

नियोजन सचिव ने वर्ष 1976-77 में लखनऊ विकास प्राधिकरण को रू0 250-00 लाख तथा आवास विकास परिषद का 150·00 लाख सीड कैपिटल के रूप में देय धनराशि के विषय में यह जानना चाहा कि इसके समक्ष संस्थागत वित्त से उक्त संगठनों द्वारा कितनी धनराशि प्राप्त की गई। विभाग द्वारा यह बताया गया कि संस्थागत वित्त से कोई भी धनराशि अभी तक प्राप्त नहीं की गई। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि इस धनराशि का उपयोग रिवाल्विंग फण्ड के रूप में किये जाने का प्रस्ताव है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि ने बताया कि रू0 250/- लाख में से लगभग 72 लाख रूपये हजरतगंज कामर्शियल कम्पलेक्स के निर्माण तथा भूमि अध्यापन पर व्यय किया गया। नियोजन सचिव ने इस बात पर आपत्ति व्यक्त की कि कैपिटल में से कामर्शियल काम्पलेक्स पर कोई धनराशि व्यय नहीं की जानी चाहिये थी और न तो इसके लिये शासन की स्वीकृति ही प्राप्त की गई। विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया जा सका है। नियोजन सचिव ने यह आग्रह किया कि इस धनराशि की प्रतिपूर्ति शीघ्र कर दी जाय तथा भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाय कि सीडकैपिटल की धनराशि का उपयोग रिवाल्विंग फण्ड के रूप में शीघ्रातिशीघ्र किया जाय।

आवास विकास परिषद ने भी 150 लाख रूपये के उपयोग के विषय में जो स्थिति बताई वह असन्तोषजनक नहीं थी।

- - - - -

लखनऊ विकास प्राधिकरण के विचारार्थ आख्या

विभाग :- सचिव कार्यालय ।

विषय :- सरोजनी नगर क्षेत्र में कानपुर रोड पर 100 शैया वाले ई0एस0आई0 अस्पताल के निर्माण के लिये तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन आलमबाग व्यवसायिक प्रतिष्ठान के लिये सड़क के मध्य से 125 फुट की दूरी के अन्तर्गत निर्माण किये जाने की छूट देने के सम्बन्ध में ।

सारांश :-दिनांक 24-11-77 को एक बैठक विभागाध्यक्ष चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग की अध्यक्षता में हुई जिसमें आयुक्त एवं सचिव, आवास एवं नगर विकास भी उपस्थित थे । उत्तर प्रदेश रीजन इम्प्लाइज स्टेट इन्स्योरेन्स कार्पोरेशन द्वारा कानपुर रोड पर एक अस्पताल बनाने की योजना है । जिसका भवनचित्र लखनऊ विकास प्राधिकरण से स्वीकृत किया जाना है । परन्तु नियमानुसार अस्पताल की बाउण्डरी सड़क के मध्यसे 125 फुट दूर होनी चाहिए । जिसके लिये उन्होंने अनुरोध किया है कि उन्हे सड़क के मध्य से 125 फुट के अन्दर भी एक अस्थाई रूप से दीवाल उठाने की अनुमति दे दी जाय जो सड़क के मध्य से लगभग 60-70 फुट दूरी पर होगी । इस प्रकार जो दूरी सड़क के मध्य से 125 फुट पर होनी चाहिए, अब उसके बजाय 80 या 100 फुट लगभग रह जायगी ।

इसी प्रकार से लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा कानपुर रोड पर आलमबाग क्षेत्र में एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान का निर्माण किया जाना है । जिसमें भी सड़क के मध्य से 125 फुट दूरी के अन्तर्गत निर्माण प्रस्तावित है । चूँकि यह व्यवसायिक केन्द्र कानपूर रोड पर ही स्थित है अतएव उपरोक्त की भाँति ही विकास प्राधिकारण को भी यह छूट प्राप्त होनी चाहिए ताकि वह भी अवशेष भूमि को निर्माण के लिये प्रयोग कर सके ।

विभागीय अधिकारी की अनुशंसा :

ई0एस0आई0 द्वारा प्रस्तावित अस्पताल का निर्माण सार्वजनिक हित के लिये है और इससे भूमि का सदुपयोग ही होगा अतएव इसे 125 फुट दूरी के प्रतिबन्ध से मुक्त किया जाना उचित ही होगा तथा इसी भाँति लखनऊ विकास प्राधिकरण को भी उक्त प्रतिबन्ध से मुक्त किया जाना वाँछनीय है ।

ह0/- बाबू राम
सचिव

उपाध्यक्ष के आदेश :

उपरोक्त आख्या विकास प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत की जाय ।

ह0/- एन0 बी0 लाल
उपाध्यक्ष
28-11-77

विषय संख्या -12

विभागीय निर्माण इकाई के गठन के सम्बन्ध में गठित उप समिति की अनुशंसा पर विचार ।

"विवरण अलग से प्रस्तुत है"

लखानऊ विकास प्राधिकरण के विचारार्थ आख्या

लेखा विभाग ।

विषय-वस्तु :

लखानऊ विकास प्राधिकरण के गठन से पूर्व नगर महापालिका के तत्कालीन विकास विभाग में उसकी कार्य मात्रा के आधार पर लेखा विभाग का गठन था, जिसकी व्यवस्था, लेखाधिकारी, नगर महापालिका द्वारा होती थी । विकास प्राधिकरण के गठन के उपरान्त लेखा विभाग का पुनर्गठन करना अत्यन्त आवश्यक हो गया क्योंकि प्राधिकरण को अपने लेखो-जोखो स्वयं रखाता है । लेखा विभाग को विधि-परिस्थितियों के बदल जाने के अतिरिक्त कास्ट एकाउण्टैण्ट की नियुक्ति भी हो गई है परन्तु उनका भी कोई विधिवत् विभाग न होने के कारण उनके कार्य संचालन में बाधा पड़ रही है ।

लेखा विभाग के स्टाफिंग पैटर्न को बनाने के लिये मुख्य लेखा अधिकारी को कानपुर एवं देहली भेजा गया, जहाँ की कार्य संचालन व्यवस्था देखने के उपरान्त उन्होने स्टाफिंग पैटर्न प्रस्तुत किया । संगठनात्मक तालिका "क" के अनुसार सेण्ट्रल लखा विभाग, मुख्य लेखा अधिकारी के अधीन तथा बजट, वित्त, कास्टिंग, आडिट, कास्ट एकाउण्टैण्ट के अधीन कार्य करेंगे । प्रत्येक के अधीनस्थ दो-दो लेखाधिकारी रहेंगे । वर्तमान कास्ट एकाउण्टेण्ट ही कास्ट एकाउण्ट्स आफिसर डिजिगनेट होंगे । इसी प्रकार मुख्य लेखा अधिकारी के अधीन कार्यरत दो सहायक लेखा अधिकारी, नये लेखा अधिकारी पदों पर कार्यरत रहेंगे इससे व्ययभार में कमी उत्पन्न हो जायगी जो हितकर होगा ।

मुख्य लेखा अधिकारी की आख्या उपरोक्त के सम्बन्ध में संलग्नक "।" पर तथा संगठनात्मक तालिका संलग्नक 2 पर देखी जा सकती है ।

ल लेखा विभाग के उपरोक्त संगठन के प्रश्न पर संलग्नक 3 देखने का कष्ट करें । कास्ट एकाउण्ट्स आफिसर का विभाग पूर्णतया नया विभाग होगा इस विभाग में निम्नलिखित पद उनके सामने अंकित संख्या एवं वेतनमानों में स्वीकृत होना है :-

लेखाधिकारी	दो	वेतनमान	550 - 1200
लेखाकार	एक		350 - 700
लेखा लिपिक	पाँच		230 - 350
द्वितीय श्रेणी लिपिक	चार		200 - 320
अवर अभियन्ता	दो		300 - 500

क्रमश : - - -

वरिष्ठ सम्परीक्षक	एक	वेतनमान	350 - 700
सहायक सम्परीक्षक	दो		300 - 500
स्टेनो	एक		300 - 500
अर्दली, चपरासी, फराश इत्यादि	नौ		165 - 215

इन पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को शासन के अनुमन्य भत्ते प्राप्त होंगे । इन नियुक्ति के कारणवश वार्षिक व्यय रू0 1,45,920/- होगा तथा चालू वर्ष में 4 माह के लिये लगभग रू0 48,640/- का व्यय होगा ।

इसी प्रकार वर्तमान लेखा विभाग के पुनर्गठन करने हेतु भी अतिरिक्त स्टाफ की आवश्यकता पड़ेगी जिस अतिरिक्त स्टाफ की आवश्यकता है तथा जिसकी स्वीकृति वाँछनीय है उनकी संख्या एवं वेतनमान निम्नलिखित है :-

		वेतनमान
लेखाधिकारी	दो	550 - 1200
लेखाकार	तीन	350 - 700
सहायक लेखाकार	दो	300 - 500
विभागीय लेखाकार	दो	280 - 460
लेखा लिपिक	दस	230 - 385
द्वितीय श्रेणी लिपिक	दो	200 - 320
प्रधान खजान्ची	एक	280 - 460
सहायक खजान्ची	एक	230 - 385
स्टेनोज़	-	300 - 500
चपरासी अर्दली इत्यादि	दस	165 - 215
दफ्तरी	एक	170 - 225
गनमैन	एक	170 - 225

यह उल्लेखनीय है कि वर्तमान कार्यरत स्टाफ के अतिरिक्त उपरोक्त स्टाफ है । अतिरिक्त व्ययभार रू0 1,47,480/- वार्षिक एवं चालू वर्ष में चार माह के लिये रू0 49,160/- होगा । उपरोक्त कास्ट एकाउण्ट्स आफिसर स्टाफ एवं लेखा विभाग का स्टाफ स्वीकृत हो जाने के उपरान्त आशा है कि इस विंग का पुनर्गठन हो जायगा ।

§1§ विकास प्राधिकरण के पूर्व निर्णय दिनांक 25-5-75 के मद संख्या 6,7 के अनुसार उपाध्यक्ष को उपरोक्त पदों पर नियुक्ति करने का अधिकार निहित है ।

उपरोक्त आख्या प्राधिकरण को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने हेतु आदेश प्रदान करने की कृपा करें ।

ह0/- के0बी0 सक्सेना
मुख्य लेखाधिकारी

उपाध्यक्ष,

कृपया उपर्युक्त आख्या प्राधिकरण को प्रस्तुत करने हेतु आदेश प्रदान कर दें ।

ह0/- बाबू राम
सचिव

प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करें ।

ह0/-उपाध्यक्ष

As per instructions I went to Kanpur and Delhi to study the working system of accounts organisation of Kanpur Development Authority. The working system of accounts organisation of Kanpur Development Authority is almost similar to that of Lucknow Development Authority but the working system of accounts Department of Delhi Development Authority is some what different from that of Lucknow Development Authority. Delhi Development Authority's working may be judged from its accounts organisational chart placed at F/A. Since Delhi Development Authority is a large organisation than Lucknow Development Authority (as budget of Delhi Development Authority for 1977-78 is for Rs. 95.72 crores and that of Lucknow Development Authority is for Rs. 13.16 crores) its organisation is not proposed to be adopted at present. Despite Delhi Development Authority have also obtained through correspondence accounts organisational Chart of NOIDA (New Okhla Industrial Development Authority) & Madras Corporation which are placed at F/B & F/C.

